
राज
कामिक्स
मूल्य 6.00 संख्या 313
अण्डरवर्ल्ड
परमाणु


परमाणु


# अण्डर वर्ल्ड


लेखक : तरुण कुमार वाही

सम्पादक : मनीष चंद्र गुप्त


चित्रांकन : मनु






जहां एक साथ कई कुत्ते दृष्टिगोचर हों...
भौं
भौं
भौं
...तो उन्हें आवारा कुत्तों का दल नहीं समझ लेना चाहिए।
गुर्र्र
भौंऽऽऽ भौंऽऽऽ
ये कुत्ते तो इसी इमारत की ओर बढ़ रहे हैं।
भौंऽऽ
भौंऽऽ
बैंक की इमारत में कुत्तों का भला क्या काम हो सकता है?
अरे! इतने सारे कुत्ते? उफ!
भौंऽऽ
भौंऽऽ



हतप्रभ खड़े गार्ड को कुछ भी सोचने-समझने का मौका तक न दिया उन कुत्तों ने-
भौऊं...
आहऽऽऽआ
कुत्तों की वह फौज बैंक की उस इमारत में दाखिल हो गई-
कुत्ते!
!
?
कुत्ते!
स्त्रियां भय से चीख पड़ीं।
ये कुत्ते कहां से आ गए बैंक में?
इनका भी कोई एकाउंट खुला हुआ है क्या यहां?
बैंक में उपस्थित लोगों में से दो-एक ने खिसने की चेष्टा की-
कुत्ते बैंक में घुस आए हैं, भागो।
भौं भौं



यहीं गलती कर गए वे -
आह
भौं भौं
गुर्र्र
कुत्तों ने भभोड़ डाला उन्हें -
बचाओ
गुर्र
तीनों लाशों में बदल गए।
दृश्य ही इतना हौलनाक था कि वह महिला बेहोश हुए बिना न रह सकी -
नहीं
??
??
उसका बेहोश होकर गिरना ही उसे खींच ले गया मौत के मुंह में -
गुर्र्र
किसी की समझ में कुछ आया और वह चीख पड़ा -
खबरदार! ये कुत्ते उसे जीवित नहीं छोड़ेंगे जो अपने स्थान से इंच भर भी हिलेगा।
इस हकीकत को समझकर सब अपने-अपने स्थानों पर जड़ से हो गए।


और फिर सबने देखा एक महान आश्चर्य-
ये कैश मांग रहा है।
CASH
कुत्ते के मुंह में दबी पिस्टल से फायर भी हो सकता है, यह वह नहीं जानता था।
धांय
आह
वही दृश्य फिर एक दूसरे कर्मचारी के सामने था -
अगर शीघ्र ही मैंने इन्हें कैश न दिया तो यह कुत्ता मुझे भी गोली मार देगा।
CASH
अगले ही पल-
गुर्र र्र
??
आश्चर्य!


खेल यहीं खत्म नहीं हुआ –
!
MANAGER
OPEN THE VAULT
गुर्रर्र
उफ! अगर मैंने वाल्ट न खोला तो यह दरिन्दा मुझे गोली मार देगा।
मैनेजर को वाल्ट खोलना पड़ा –
?
कहते हैं एक शख्स की निगाहें हर वक्त चुस्त व चौकस रहती हैं –
परमाणु!
जब उन अनोखे लुटेरों की पीठ पर टंगे सभी बैग नोटों की गड्डियों से लबालब भर गए–
लुटेरे वापस जा रहे हैं।
भूऽऽऽ
अद्भुत लुटेरे!
प्रोफेसर! इन्स्पेक्टर विनय सुन रहा है आपकी आवाज!
इन्स्पेक्टर विनय ही परमाणु है।



इस समय सिटी बैंक को तुम्हारी आवश्यकता है।
सिटी बैंक!
अब समय है परमाणु बनने का।
यह मास्क मुझे देगा परमाणु का पूर्ण अस्तित्व।
परमाणु उड़ चला -
क्या फिर बैंक लुटेरों से सामना होगा?
सिटी बैंक के ऊपर मंडराया परमाणु -
प्रोफेसर बैंक परिसर से कुत्तों का दल निकल रहा है।
इन्हें आवारा कुत्तों का दल मत समझो परमाणु!
ये प्रशिक्षित कुत्ते हैं-बैंक रॉबर्स!
बैंक लुटेरे? उफ! इनकी पीठ पर बंधे बैग्स में लूट की रकम भरी है।


तुम्हें अभी केवल इनका पीछा करना है परमाणु!
भौं भौं
कुत्ते शहर से बाहर जाने वाली सड़क पर आ गए हैं।
ये वहीं पहुंचेंगे, जहां असली मुजरिम मौजूद होगा यानी इन कुत्तों का ट्रेनर।
...और इस बैंक रॉबरी का असली मुजरिम!
लेकिन इसका क्या करें कि उन कुत्तों को अत्याधिक समझदार भी बना दिया गया था।
गुर्रर्रर्र
परमाणु के लिए ये आश्चर्य का झटका था -
प्रोफेसर, इस वक्त जो मेरी आंखें देख रही हैं मैं बयान नहीं कर सकता।
बड़ी तेजी के साथ उसके कदम सड़क से टकराए।
सभी कुत्ते मेन होल में जा पहुंचे हैं।
एक क्षण व्यर्थ किए बिना मेन होल में कूद पड़ा परमाणु-
अनोखे रॉबर्स कुत्ते परमाणु को भाग देने में सफल रहेगें या नहीं?


रॉबर्स कुत्तों की गुर्राहटें नहीं सुनाई पड़ रहीं।
ची ची
गैस और बदबू से बुरा हाल है यहां तो। उफ!
परमाणु उस नरक से बाहर निकला।
परमाणु को रॉबर्स कुत्ते आज दे गए प्रोफेसर!
पक्की सड़क पर टायर के निशानों का पीछा करने में मैं असमर्थ हूं प्रोफेसर!
लौट आओ! सिटी बैंक में इन्स्पेक्टर विनय की भी जरूरत है।
और लगता है यहां से कुत्तों को किसी वाहन से ले जाया गया है। वाहन के टायरों के चिन्ह साफ दिखाई दे रहे हैं।



फिर घटनास्थल से इन्स्पेक्टर विनय की खोज आरंभ हुई।
प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार सभी रॉबर्स कुत्ते किसी बढ़िया नस्ल के थे।
WINAY
जिन कुत्तों को एक बैंक डकैती के लिए ट्रेण्ड किया गया था, उन कुत्तों की ये नस्ल बड़ी समझदार और स्वामीभक्त होनी चाहिए।
सब-इन्स्पेक्टर विक्रम!
यस सर!
मुझे शहर के सभी प्रमुख कुत्ता-प्रेमियों और ट्रेनर्स के नाम व पते आज शाम तक चाहिए।
उसी शाम-
सर! बड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद मैं ये नाम व पते ढूंढ पाया हूं।
थैंक्यू सब-इन्स्पेक्टर विक्रम!
सर! इस फाइल में उन्हीं लोगों के नाम-पते हैं जिनके पास कम से कम तीन-चार बढ़िया किस्म के कुत्ते तो हैं ही।
हुंअ!
FILE


इन्स्पेक्टर विनय जो निकल पड़ा था उन रॉबर्स कुत्तों की तलाश में -
COME, COME जोकी COME !
मिस्टर अजय मीरचंदानी से ही शुरू करता हूं।
गुड वैरी गुड जोकी !
गर्र
हम्फ
मौं मौं
GO!
BUCK UP !
हम्फ
हम्फ
हम्फ
मौं
कुत्तों को अच्छी ट्रेनिंग दे लेते हैं आप मिस्टर मीरचंदानी।
आप?


मैं इन्स्पेक्टर विनय हूं। सिटी बैंक में कुत्तों द्वारा की गई बैंक रॉबरी के केस में रॉबर्स कुत्तों की तलाश में निकला हूं।
क्या? कुत्तों द्वारा बैंक डकैती? असम्भव!
आज सुबह यह असम्भव सी बात सम्भव हो चुकी है मिस्टर मीरचंदानी!
वैसे 'बाई-द-वे' इन बोस्टनों के अलावा भी आपके पास कोई नस्ल है कुत्तों की?
कुत्ते पालने का शौक जरूर है मुझे इन्स्पेक्टर, लेकिन सिर्फ बोस्टन!
ओह! थैंक्यू मिस्टर मीरचंदानी, मुझे केवल यही पूछना था।
इन्स्पेक्टर विनय की खोज जारी थी -
मिस्टर पुरीनहरा, बुलहाउंड जाति के ऐसे कितने कुत्ते हैं आप के पास?
केवल यही चार काफी हैं बंगले की सुरक्षा के लिए। रात में कोई इस तरफ झांक भी नहीं सकता।




इन्स्पेक्टर विनय की तलाश अभी खत्म नहीं हुई थी-
मिस्टर करोड़ीमल टोंटी वाला! कौन सी नस्ल है यह कुत्तों की?
हंटर्स!
किन्तु इन्स्पेक्टर विनय को अपनी समस्या का हल यहां भी ना मिला।
अब शहर का प्रमुख डॉग -ट्रेनर डोगर!
वूफ वूफ भौं
??
मिस्टर डोगर! कुल कितने कुत्ते हैं यहां?
लगभग पचास। ट्रेनिंग के बाद इन्हें विभिन्न जगहों पर सप्लाई किया जायेगा, जिनमें से एक पुलिस डिपार्टमेण्ट भी है।
वूफ वूफ गुर्र
VINAY



कुत्तों की रेस देखना जरूर पसन्द करेंगे आप?
क्यों नहीं?
ये सभी कुत्ते दूर दिखाई पड़ रहे उस पिलर का चक्कर लगाकर लौटेंगे।
आश्चर्यजनक!
डोगर ने सभी कुत्तों के पट्टे छोड़ दिये।
भौं भौं वूफ
भौं भौं
विजेता।
??
मोंकी जाओ! इन्स्पेक्टर साहब के लिये चेयर लेकर आओ।
यह चेयर कैसे लाएगा?



क्यों इन्सपेक्टर साहब देख लिया?
सचमुच यह तो चेयर ले आया!
मैं सभी पचास कुत्ते देखना चाहता हूं मिस्टर डोगर!
आइए दिखाता हूं।
ये हैं अफ्रीकन हाउंड! इनके जबड़ों में फंसने का अर्थ है मांस की बोटी का जिस्म से अलग होना।
ये हैं बुलडॉग। इनकी तो सूरत देखकर ही होश उड़ जाते हैं लोगों के।
एक-एक कर सभी कुत्तों की नस्लों का परि-चय देता चला गया डोगर। अन्त में-
मुझे वो कुत्ते चाहिए मिस्टर डोगर, जो इन्सान के एक आदेश पर बैंक डकैती तक कर सकें।
ब....बैंक डकैती?



सिटी बैंक के डॉग रॉबर्स की तलाश है मुझे, मिस्टर डोगर!
डॉग रॉबर्स! यह आप क्या कह रहे हैं इन्स्पेक्टर? कुत्तों को कितना भी ट्रेन्ड किया जाए मगर रॉबरी...नामुमकिन।
इन्स्पेक्टर विजय ने उन कुत्तों के हुलिए के विषय में बताया।
...क्या आप जानते हैं कि ये किस नस्ल के कुत्ते हैं?
अलसेशियन की बात कर रहे हैं आप?
अलसेशियन? आपने कभी इस नस्ल के किसी कुत्ते को ट्रेन्ड किया है मिस्टर डोगर!
न..नहीं इन्स्पेक्टर!
फिर वापसी-
अलसेशियन डॉग रॉबर्स तक पहुंचकर रहूंगा मैं।
तभी-
यह वैगन कहां से आ मरी?
पीं ई
पीं ई


जीप के आगे जा रही वैगन साइड देने के स्थान पर अचानक रुक गई।
ड्राइवर ने जरूर पी रखी है। उतारता हूं उसका नशा।
वैगन तक पहुंचा भी नहीं था इन्स्पेक्टर विनय कि अचानक ही वैगन का दरवाजा खुला। और –
गर्र्र्र्र्र भौं
अलसेशियन डॉग रॉबर्स?
पलक झपकते ही विनय का रिवॉल्वर उसके होल्स्टर से बाहर था –



जम्प लेते हुए इन्स्पेक्टर विनय की रिवॉल्वर से दो शोले निकलकर दो कुत्तों की कनपटियां उड़ा गए।
धांय
धांय
एक खतरनाक अलसेशियन इन्स्पेक्टर से बस कुछ ही दूर था।
वुफ
वुफ
धांय
...कि अगले पल ही वह लाश में तबदील हो गया।
उफ!
धप
इन्स्पेक्टर विनय किसी नट के समान हवा में लहराया -
लाश जो उसके लिए हथियार बन गई -
भौं भौं
इन भयानक कुत्तों से बचना होगा।
और तभी-
प्रोफेसर का मैसेज!
पिक
पिक
प्रोफेसर के मैसेज से पूर्व मुझे बनना होता है परमाणु।



और -
यह मेरे लिए अच्छी बात है कि इस सुनसान सड़क पर मुझे परमाणु बनता कोई नहीं देख सकता।
लेकिन वैगन के चारों ओर मौजूद ये भयानक कुत्ते जानते हैं कि मैं इन्सपेक्टर विनय भी हूं और परमाणु भी।
भौं भौं
आओ कुत्तो ! अब आओ तुम।
गुर्र र
परमाणु जम्प लेकर नीचे पहुंचा -
प्रतिद्वन्द्वी एक से अधिक और प्रशिक्षित हों तो परमाणु को अपने बचाव के लिए मदद लेनी पड़ती है परमाणु किरणों की -
शियू शियू
उन कुत्तों का प्रशिक्षण धरा का धरा रह गया
क्योंकि अब वे परमाणु किरणों के बंधनों में जकड़े हुए थे।


भयंकर कुत्तों से निबटकर परमाणु बढ़ा वैगन के ड्राइविंग कैबिन की ओर—
वैगन का ड्राइवर कहां है?
ड्राइविंग कैबिन का दरवाजा खोलने के लिए हाथ आगे बढ़ाया परमाणु ने—
अन्दर कोई दिखाई क्यों नहीं पड़ रहा? क्या वह भाग चुका होगा?
तभी दरवाजा एक झटके के साथ खुला।
ओह!
धड़ाक
परमाणु खुद को गिरने से न बचा सका।
इसी के साथ कोई सड़क पर दिखाई पड़ा।
तूने मेरा बहुत नुकसान कर दिया है परमाणु! आज तुझे टुकड़ों में बदलकर सड़क पर बिखेर जाऊंगा।
ओह! कौन है यह?


सांय
परमाणु को आज पहचान गया हूं मैं। हा..हा...हा। क्यों परमाणु ?
आज तेरे साथ इन्स्पेक्टर विनय का भी खात्मा हो जायेगा और बन्द हो जाएगी अण्डरवर्ल्ड के बादशाह हंटारु की केस फाइल।
हंटरु?
आह
क्योंकि तू मेरे हाथों से मरने वाला है, इसलिए तुझे बताने में मुझे कोई खतरा नहीं। सुन।
कुछ देर इसे इसी भ्रम में रहने दूं।
डॉग रॉबर्स द्वारा बैंक डकैती हंटारु के ही इशारे पर की थी अलसेशियन के दल ने।



लेकिन जब इन्स्पेक्टर विनय के रूप में तू उन कुत्तों की तलाश में निकल पड़ा तो हंटारु को लगा कि तू उस तक पहुंच जायेगा...
...और तुझे समाप्त करने के लिए उसने मुझे भेज दिया तेरे पीछे...अपने डॉग रॉबर्स के दल के साथ।
परमाणु, अब मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा। यह देख तेरी मौत का परवाना।
हैण्ड ग्रेनेड!
नकाबपोश ने बम खींच मारा -
तुझे तो अब जीवित ही नहीं रहना है। इन्स्पेक्टर विनय का एक महत्व-पूर्ण रहस्य जान गया है तू।
आग और धुएं के बवंडर में खोकर रह गया था परमाणु-
हा...हा...हा। इसकी मौत की सूचना भी मुझे ही पहुंचानी होगी पुलिस-स्टेशन। ताकि पुलिस वाले आकर इस बेचारे के टुकड़े तो बीन सकें।



तेरे टुकड़े बीनने के लिए तो अब चील-कौवे ही आयेंगे यहां।
अरे!
क्यों?
बम से भी बच गया।
नकाबपोश का हाथ आक्रमण के लिए हरकत में ही आया था कि -
तेरी सांवली-सलोनी शक्ल भी तो देखनी है अभी परमाणु को।
धाड़
आह
परमाणु ने उसका नकाब नोच लिया।
डोगर!
डोगर ने बिगड़े हुए सांड की तरह घातक वार किया लेकिन -
सन्न
चाकू की धार से किसे डरा रहा है बेवकूफ!



अफ!
...परमाणु से टकराकर ही चाकुओं की धारें बना करती हैं।
परमाणु ने डोगर के ही शस्त्र को उस पर आजमाने का निश्चय कर लिया था -
सटाक
आह
सिटी बैंक के माल की बरामदगी कहां होगी?
आह
यह अंतिम वार तेरी आंतें बाहर कर देगा, बोल।
नहीं परमाणु!
डोगर सब कुछ बक गया।
पुलिस को डोगर की लाश और कुत्तों के बेहोश जिस्म मिले।
परमाणु का संदेश मिला था कि हाई-वे पर डॉग रॉबर्स गैंग के ट्रेनर डोगर की लाश व डॉग रॉबर्स बेहोश पड़े हुए हैं।


उधर परमाणु-
परमाणु हंटर की मौत की सूचना जल्दी ही देना।
यस प्रोफेसर!
रेबीज के बीमार पागल कुत्तों को पकड़कर यहां लाया जाता है और फिर जहर देकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाता है।
भौंऽऽ क्यांऊ
भौंऽऽभौं गुर्रर्रर्र
इन पागल और आवारा कुत्तों ने शहरियों का जीना हराम कर दिया था।
इस कार्य के इन्चार्ज -ए.के.नाडू-
आवारा कुत्तों को जहर दे दो और पागल कुत्तों को बेहोशी की दवा देकर वैन में पहुंचा दो और वैन को मेरे हैडक्वार्टर में।
कुत्तों को नाडू के विशेष हैडक्वार्टर में पहुंचा दिया गया ...
भौंभौं गुर्रर्र भौं
...जहां कुत्तों के भौंकने की आवाजों से कानों के परदे फटे जा रहे थे।


ए.के.जाडू -
घबराओ नहीं। डोगर आता ही होगा तुम्हें ट्रेनिंग देने के लिए।
गुर्र
भौं
भौं
कुत्तों की समझदार नस्ल अलसेशियन द्वारा बैंक डकैती के बाद इस बार पागल कुत्तों को ट्रेन करने का आश्चर्य-जनक कारनामा कर दिखाना है मुझे। सिटी बैंक से भी भारी रॉबरी कराऊंगा तुम से।
एक बार पागल कुत्तों का आतंक फैल जायेगा तो पूरे शहर को कंगाल बना देगा हंटारु! हा..हा...हा
भौं
भौं
इसी पल गूंज उठी एक आवाज -
पागल कुत्तों के साथ रह कर तुम भी पागल कुत्ते बन गए हो जाडू उर्फ हंटारु!
??
और तुम जिस डोगर की प्रतीक्षा कर रहे हो, वह अब यहां आकर कभी कुत्तों को ट्रेनिंग नहीं दे पायेगा।
परमाणु?


डॉग रॉबर्स के ट्रेनर डोगर की मौत के बाद अब तेरा नम्बर है हंटारु!
धांय धांय धांय
नहीं!
अप्रत्याशित रूप से रिवॉल्वर निकालकर एक साथ कई फायर झौंक मारे हंटारु ने।
परमाणु का तो कुछ न बिगड़ा, लेकिन कुत्तों के बाड़े में हड़कम्प मच गया।
बड़ी जल्दी गोलियां चला बैठा यह तो।
भौं
गर्र र्र
भौं
परमाणु ने अपनी उपस्थिति का आभास कराया हंटारु को-
बड़ा अजीब सा नाम है तेरा हंटारु!
धाड़
परमाणु की लाश देखने के लिए बेचैन हंटारु की आंखें आश्चर्य से खुली की खुली रह गईं।
एक भी गोली नहीं लगी उसे और कहां गया वह?
ओह!


परमाणु का यह वार न झेल सका हंटारु।
कड़ाक
और -
वूफ
गुर्र्र
आह
पागल कुत्ते जिनकी खौफनाक गुर्राहटों से वातावरण दहल उठा था। किसी को अपने इतना निकट देख वहशी हो उठे।
गुर्र्र
आह
हंटारु ने बला की सी तेजी के साथ अपना हाथ वापस खींचा और चिल्ला पड़ा-
परमाणु
परमाणु
इन कुत्तों की लार में भयानक जहर भरा है। मुझे एण्टी-रेबीज़ टीका ला दो परमाणु!
रेबीज: पागल कुत्ते की लार से होने वाली भयानक बीमारी।


इन पागल कुत्तों का तो आतंक फैलाना चाहता था तू हंटारु! अब खुद ही इन से होने वाली खतरनाक बीमारी खीज के आतंक से मरा जा रहा है।
मैं तुझे नहीं बचाऊंगा कुत्ते!
कुत्ते की तरह लार गिरने लगी हंटारु के मुंह से।
हम्फ
हम्फ
इसके मुंह से तो लार टपकने लगी है। पागल कुत्ते के काटे का असर शीघ्र ही हो रहा है इस पर।
कुत्ते की तरह हांफने लगा हंटारु –
हम्फ...हम्फ! गुर्रर्र
अब यह नहीं बचेगा।
परमाणु ने एक झटके से उसका गिरेबान छोड़ दिया।
और इसी पल पागल से हुए हंटारु ने पकड़ लिया परमाणु का हाथ
हम्फ...हम्फ! गर्रर्र परमाणु...इस समय मैं जिसे भी काटूंगा उसकी हालत मेरे जैसी हो जायेगी।
बुरी तरह हांफते हुए हंटारु ने परमाणु के हाथ पर अपने दांत गड़ाने चाहे और तभी परमाणु का झन्नाटे-दार थप्पड़ पड़ा उसके मुंह पर –
चटाक
दूर हट कुत्ते!



हंटार गिरा कुत्ते के बाड़े के निकट।
भौं भौं
मैं इन सब कुत्तों को आजाद कर दूंगा। हा.हा..ये सब मिलकर फाड़ डालेंगे तुझे।
खतरे को भांप परमाणु हवा में उड़ गया।
बहुत बुरा हश्र होगा हंटार का।
स्वतन्त्र हुए पागल खौफनाक उत्पाती कुत्ते हंटार पर ही टूट पड़े।
आईऽऽऽ
वातावरण में गूंज उठी थीं सिर्फ और सिर्फ हंटार की ही दर्दनाक चीखें।
परमाणु! तुम्हें यह जानकर खुशी होगी कि अब रेबीज के टीके की भी ईजाद कर ली गई है। जरूरत है तो समय पर टीका लगवाने की। अब पेट में लगनेवाले पीड़ादायक और चौदह इंजेक्शंस लगवाने की आवश्यकता नहीं रही।
कुत्तों पर जहरीली गैस का इस्तेमाल कर परमाणु निकला मौत के उस तहखाने से –
हंटार जैसे लोगों का अन्त और इससे भयानक होता भी क्या?
प्रोफेसर के इस कथन पर परमाणु ने ली संतुष्टि की एक सांस और अब उसे शेष कार्यवाही इन्सपेक्टर विनय के रूप में ही करनी थी।




समाप्त